

# धनवाही को 55 करोड़ की माइक्रो सिंचाई परियोजना की सौगात

## किसानों ने जताया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी का आभार





**नवभारत न्यूज**

**मैहर 4 फरवरी। मैहर विधानसभा क्षेत्र के बदेरा सर्कल के धनवाही ग्राम पंचायत में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के प्रयास से माइक्रो सिंचाई परियोजना निर्माण की सौगात मिली है जिसको लेकर के विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार ज्ञापित किया।**

आज धनवाही ग्राम पंचायत पर किसानों द्वारा आयोजित आभार धन्यवाद सभा में मैहर विधायक श्री चतुर्वेदी सम्मिलित होने पहुंचे जहां पर काफी संख्या में स्थानीय किसान और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ज्ञात होगी 55 करोड़ की लागत से माइक्रो सिंचाई परियोजना की सौगात मिल चुकी है जिसका टेंडर भी हो गया है टेंडर होने के बाद जल्द ही इसके निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी इस माइक्रो सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के हजारों एकड़ खेत संचित होंगे जिससे किसान भाइयों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली सिंचित जमीन होने से किसानों को खेती करने में काफी लाभ होगा इस संदर्भ में आभार सभा में पहुंचे श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हित में काम करने वाली सरकार है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव सदैव किसानों के उन्नयन और उन्हें कुशल बनाने के लिए नए-नए पर्यटन और प्रयास तेजी से जमीन स्तर पर किया जा रहा है आज मध्य प्रदेश के साथ-साथ देश भर के किस कुशल और खेती को उन्नति का व्यापार बना दिया गया है किसानों के जीवन में खुशहाली और उनके उन्नति के लिए सरकार का एक छोटा सा यह प्रयास था जो सार्थक हो भी गया है मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि आज जो क्षेत्र की जनता और किसानों के द्वारा हमें जो सम्मान और इसने प्रेम मिल रहा है वह छोटे-छोटे प्रयासों को धरातल पर उतरने एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के कारण मिला है जिसके लिए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का एवं सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट आभार ज्ञापित किया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख का लगा दिया चूना

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 4 फरवरी। एटीएम कार्ड से धोखे से बदलकर लगभग एक लाख रुपए पार करने का मामला सामने आया है।**

पकरिया निवासी देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि 30 जनवरी को लगभग 2 बजे मैं इंडियन बैंक अमदरा के बगल में लगे एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया था जब मैं एटीएम मशीन के अंदर गया और प्रक्रिया पूरी की तब किसी कारण से मेरे खाते से पैसे नहीं निकले कुछ समय बाद मैं दोबारा प्रक्रिया की लेकिन फिर भी पैसे नहीं निकले तभी वहां पर एक सफेद कपड़े पहने हुए एक लड़का आया जो मुझे कुछ बताने लगा और प्रक्रिया करते समय मेरा गुप्त पिन नंबर जान गया मैं पैसा ना निकलने से परेशान होकर गलती से अपना एटीएम कार्ड पास में रखे स्टूल के ऊपर बैग में रख दिया तभी वहीं से मेरा एटीएम किसी ने बदल लिया और कुछ समय बाद मेरे खाते से?100000 किसी सौरभ सिंह अलवर मर्चेंट में पेमेंट हो गया मेरे फोन में मैसेज आते ही मैं तुरंत बैंक में गया और लिखित आवेदन देकर अपना एटीएम ब्लॉक करवाया और धोखाधड़ी की शिकायत मैंने साइबर सेल हेल्पलाइन के साथ-साथ थाना अमदरा में भी किया।

# सरकारी जमीनों के अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर सूची दें

## मझगवां बरौधा के मामले में हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिया निर्देश

▸ समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने दायर की है जनहित याचिका



**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 फरवरी। चित्रकूट विधानसभा के युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने मझगवां व बरौंधा में शासन की बेशकीमती भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के हेतु उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका लगाई है अधिवक्ता सुश्री कविता गुप्ता द्वारा मामले की पैरवी कर रही हैं जिसका डब्लू पी नंबर 45880-2025 है।**

सुश्री गुप्ता ने बताया सतना जिले की मझगवां तहसील अंतर्गत मझगवां नगर के अंदर से गुजरने वाली रोड के दोनों तरफ 50-50 फिट भूमि व मझगवां जनपद मोड नं आराजी नं 158 तथा बरौंधा बस स्टैंड में आराजी नं 257,258,266,472 जो शासन की करोड़ों की जमीन है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जिला कलेक्टर सतना को 27 फरवरी तक उक्त भूमियों का सीमांकन कर अतिक्रमणकारियों की सूची उच्च न्यायालय के सामने प्रस्तुत की जाए वहीं याचिकाकर्ता आशुतोष द्विवेदी ने कहा हमने क्षेत्रिय प्रशासन व जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन व आवेदन के माध्यम से अवगत कराया लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिस पर विवश होकर हमें माननीय उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचकर जनहित याचिका दायर करनी पड़ी अगर अभी भी प्रशासन द्वारा मामले में हिला हवाली की जाती है तो हम जिला प्रशासन के खिलाफ अवमानना में जाने को तैयार हैं।

# लाखों की लागत से बना शौचालय भवन, रास्ता न होने शोपीस बना

## शासकीय सेवक नहीं ले रहे रुचि



**नवभारत न्यूज**

**मुकुंदपुर 4 फरवरी। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में शासकीय राशि से लाखों रुपये की लागत से पांच वर्ष पूर्व शासकीय शौचालय भवन बनाया गया था लेकिन रास्ते में अतिक्रमण हो जाने के कारण उक्त शौचालय अभी तक चालू ही नहीं हो सका।**

किसी भी शासकीय सेवक चाहे वह सरपंच हो या पंचायत विभाग सचिव हो या पंचायत विभाग का अदर अधिकारी हो या चाहे राजस्व विभाग का अधिकारी कर्मचारी हो किसी ने भी अभी तक उक्त शौचालय तक का रास्ते को अतिक्रमणकारियों से मुक्त नहीं करा पाये। सभी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं आमजनों की शिकायत पर तत्कालीन प्रभारी तहसीलदार आर.डी.साकेत के द्वारा अपने अधीन और पुलिस के दल-बल के साथ उक्त जगह पर जाकर मौके से रास्ता खुलवा दिया गया। किन्तु उनके जाने के बाद पुन: अतिक्रमण कारियों ने आम रास्ता अवरूद्ध कर दिया। जिसकी शिकायत पुन: नायब तहसीलदार ताला से की गई किन्तु समाचार लिखे जाने तक रास्ता अतिक्रमण मुक्त नहीं करवाया गया।जिस कारण अतिक्रमण कारियों का हौंसला बुलंद है और मध्य प्रदेश शासन की शासकीय आराजी नंबर 16 रकबा 86 ढ़सिमिल पर अवैध कब्जा बरकरार है। जिसकी शिकायत नायब तहसीलदार ताला के यहां की गई जो लम्बा समय बीत जाने के बाद भी ठंडे बस्ते में पड़ी है। और शासन प्रशासन के अधिकारियों पर अकेला एक अतिक्रमणकारी भारी पड़ रहा है। जिसके चलते उक्त शौचालय भवन का रास्ता ही नहीं नाली निर्माण कार्य भी अवरूद्ध है जिसके चलते मुहल्ले के गरीब तबके के कच्चे घरों में बसे लोग बरसात के समय रात में नींद भर नहीं सो पाते हैं। क्योंकि अचानक भारी भरकर पानी घरों में घुस जाता है। जो अचानक कच्चे बने घर कभी भी भर भरा कर गिर सकते हैं।

वहीं शासन के कई लाख रुपये से बना शौचालय भवन का उपयोग न होने से उक्त शौचालय भवन की हालात बद से बद्तर नजर आ रही है।

# महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में किया शिव ध्वजारोहण



**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 4 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर क्रांति नगर मझगवां की तरफ से महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव ध्वजारोहण किया गया।**

कार्यक्रम में सतना प्रभारी राज योगिनी बीके शशि दीदी, बीके मंजू दीदी संचालिका मझगवां, विशिष्ट अतिथि एल आई सी चित्रकूट ब्रांच मैनेजर गंगा प्रसाद पटेल , राजेंद्र सिंह केवीके, अनिल अग्रवाल ,डॉक्टर अवन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुमारी परी साहू व कुमारी रौनक पांडे द्वारा स्वागत नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात बी के शशि दीदी ने महाशिवरात्रि की महिमा का रहस्य बताया। ब्रांच मैनेजर गंगा प्रसाद पटेल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारी में जुड़ने से मानव जीवन को कैसे जीना चाहिए यह सीख मिलती है । उसके बाद केवीके के राजेंद्र सिंह ने ब्रह्माकुमारी मुख्यालय माउंट आबू में हुए अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि वहां पर हजारों लोगों के आवास ,भोजन ,साफ सफाई आदि का मैनेजमेंट बिना किसी अव्यवस्था के कितने अच्छे से होता है वह काबिले तारीफ है। डॉ अवन अग्रवाल द्वारा गीता का श्लोक सुना कर ब्रह्मकुमारी के राजयोग को जोड़ते हुए अपने आप में कितनी ऊर्जा मिलती है इसके बारे में बताया। इसके पश्चात सभी लोगों की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया ।कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भाई-बहन बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष लोगों की उपस्थिति से पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया।

# किसान कांग्रेस ने बनाई संगठन विस्तार की रुपरेखा



**नवभारत न्यूज**

**कोठी 4 फरवरी। किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे ने कोठी पहुंचकर पदाधिकारियों से संगठन विस्तार की रूपरेखा तैयार की जिसमें कोठी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह बंटू सहित अन्य पदाधिकारियों को ब्लॉक के संपूर्ण ग्राम पंचायतों में कमेटी के गठन की जिम्मेदारी सौंप कर 15 दिवस के अंदर सभी ग्राम इकाइयों की कमेटी तैयार करने पर जोर दिया।**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष पांडे ने कहा कि जब किसान कांग्रेस संगठन के लोग गांव गांव पर मौजूद रहेंगे और सभी जगह हमारी कमेटियां होगी तो हमें किसानों की समस्याओं का निराकरण करने में सहायता मिलेगी साथ ही संगठन ज्यादा मजबूत होगा और अपने उद्देश्य पर सही से काम कर सकेगा । सभी पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी लेते हुए तत्परता से कार्य को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया ।

इस दौरान किसान कांग्रेस संगठन के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू, जिला महामंत्री बृजेश गर्ग सोनू, उमाशंकर पांडे, बबलू सिंह ,मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह मनिंदर सिंह जीतू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापक राजाराम करपात्री को दी गई ससम्मान विदाई

**नवभारत न्यूज**

**अमदरा 4 फरवरी । पूर्व माध्यमिक विद्यायल मतवारा में एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यक राजाराम करपात्री को उनके सराहनीय, निष्ठावान एवं अनुकरणीय सेवाकाल के लिए ससम्मान विदाई दी गई।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुनवारा के प्राचार्य सतेंद्र सिंह की उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे अध्यापक के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, समर्पण एवं मानवीय संवेदना के साथ जनसेवा की, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वहीं प्राचार्य हाई स्कूल भरौली रामकुमार कोल ने कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सम्मान, कृतज्ञता और मधुर



स्मृतियों को सहेजने का अवसर होती है। सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना के साथ यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सर्विस करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक निश्चित समय के बाद सेवानिवृत होना पड़ता है।

वहीं सेवानिवृत हो रहे राजाराम करपात्री ने कहा कि जब इंसान परिवार से दूर होता है तो दुख होना स्वाभाविक है इतने सालों से साथ थे हमेशा ही हमें पूरे स्टॉप का सहयोग मिला जिसे हम भुला नहीं सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से सभी को उज्वल भविष्य को शुभकामनाएं दी गई।

उक्त अवसर पर प्रमोद कुमार पटेल, रामप्रवेश नट, श्रीमती सृष्टि शर्मा, जनशिक्षक सीताराम चतुर्वेदी ,प्रधानाध्यापक श्रीमती लीलाबाई सिंह, राजकरण प्रजापति, शीतल प्रजापति, बृजेन्द्र बघेल, सुरेन्द्र सिंह, पंजाब सिंह, श्रीमती रमा प्रजापति,अम्बर चौकसे, श्रीमती शीला सेन,शाला शिक्षक वरुण दहायत, शांति दहायत, भगवानदास साहू, योगेन्द्र साकेत, अन्य सभी संकुल शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री महेन्द्र शर्मा, बृजमोहन सूत्रकार, रामदीन दहायत, जयपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, ग्रामीण जन लीलाशंकर पटेल, राजाराम पटेल,मो.खलील, श्रीमती मीना कुशवाहा, सीता पटेल, सुनीता सोनी,सरमन पटेल,अनेक ग्रामीण जनों, एवं छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

## एक नजर में




### जल - पर्यावरण और नशा मुक्ति अभियान पर हुई चर्चा

**नागौद** ।ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का ग्राम स्तरीय कार्यक्रम ग्राम बामुरहिया में ग्राम चौपाल के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति समाज पर चर्चा हुई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक समन्वयक अरुण प्रताप सिंह, नव अंकुर संस्था प्रयास बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह , ज्ञान सिंह , पुष्पेंद्र सिंह, श्रीमती सीमा सिंह , परामर्शदाता समीक्षा सिंह , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम चौधरी ,सरिता ,रितु चौधरी ,शीला चौधरी, शिवा कुशवाहा, ऋषि बर्मन ,लोकेश चौधरी, पुष्पेंद्र यादव एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बर्मन एवं काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### रजरवार में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**कोटर**। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजरवार में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बनने जा रहा है। ग्राम स्थित भगवती वेयर हाउस में 6 से 13 फरवरी तक पं.बांके बिहारी महाराज मैहर के श्री मुख से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है।इस पावन आयोजन का संयोजन नवनीत मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। कथा आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और धर्म से जुड़ी कथाओं का विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और मार्गदर्शन मिलेगा। आयोजकों के अनुसार कथा में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु सुचारू रूप से कथा श्रवण कर सकें। ग्राम पंचायत रजरवार में होने जा रहा यह श्रीमद् भागवत कथा आयोजन क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### निशि दीदी की श्री राम कथा गोरइया में 7 से

**कोठी**। क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कथा वाचक निशि दीदी के मुखारविंद से



गोरइया ग्राम में 7 फरवरी शुक्रवार से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक प्रतिदिन संगीतमय श्री राम कथा होने जा रही है ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। स्वामी जगतानंद महाराज जी की असीम अनुकंपा से गोरइया के सती माता मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा गांव की रहने वाली कथा वक्ता निशि दीदी पिछले 8 वर्षों से निरंतर गोरइया में श्री राम कथा करती चली आ रही हैं और मनमोहन दिव्य वाणी से क्षेत्र में लोकप्रिय है ।आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों एवं भगवत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स क्लब ने ली 2 गरीब छात्रा की 10 वीं तक की फीस देने की जिम्मेदारी



**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 फरवरी। द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स क्लब नागौद ने तक्षशिला पब्लिक स्कूल की आर्थिक रुप से कमजोर दो छात्राओं कुमारी आसमी गुप्ता कक्षा 4 एवं सुभाषिनी सेन कक्षा 2 की कक्षा 10वीं तक का सम्पूर्ण शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लेकर एक मिसाल कायम की है।**

द्रोणाचार्य परिवार दोनों छात्राओं की शुल्क की जिम्मेदारी एवं सामाजिक क्षेत्र में लगातार हिस्सा लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज की प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास कर रहा है। द्रोणाचार्य परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में ऋषिराज प्रताप सिंह संरक्षक, नूर भईया अध्यक्ष, प्रतीक सिंह, राकेश प्रताप सिंह, पवन सिंह, अंकित अग्रवाल, यश वर्धन सिंह, ऋषि पुरवार, नवीन निगम, सूरज सिंह, विक्रम सिंह, संजय कुमार सोनी, राजेश धनवानी, सतेन्द्र त्रिपाठी, मोहम्मद सादाब, सुनील तिवारी, संजय कुमार अग्रवाल, शंकर गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए दोनों बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नगर में खुली नालियां बन रही गंभीर हादसे का कारण



**नवभारत न्यूज**

**कोठी 4 फरवरी। नगर परिषद कोठी के अंतर्गत नालियों का निर्माण कार्य कराया गया है कुछ नालियां पहले से बनी हुई हैं और अब रोड ऊंची हो जाने की वजह से वह गहरी हो गई है जिससे कई जगह खाई नुमा नालियां बन चुकी है।**

ऐसे हालात नगर में कई जगह खुली नालियां गंभीर हादसों का अब कारण बन रही हैं इन खुली नालियों में छोटे बच्चों सहित जानवर भी कई दफा गिर चुके हैं जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और कुछ जानवर मर भी चुके हैं जिससे सुरक्षा की दृष्टि से यह गंभीर खतरा बना हुआ है सबसे बड़ी विडंबना इस बात की बात यह है कि इसके लिए नगर वासियों द्वारा एवं जिम्मेदारों द्वारा भी नगर परिषद को अवगत कराया गया परंतु नगर परिषद के द्वारा गंभीरता नहीं बरती जा रही है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं कोठी थाना के सामने की नली खुली हुई है जिसमें आए दिन जानवर गिर रहे हैं मोहल्ले के लोगों ने कई बार कई जानवरों को निकाला है परंतु परिषद इसे गंभीरता से नहीं ले रही जबकि इसके लिए कोठी थाना पुलिस द्वारा भी पत्राचार किया गया है वहीं वार्ड क्रमांक 14 की नाली भी खाई नुमा हो चुकी है जिसमें भी कई दफा छोटे बच्चे एवं जानवर गिर चुके हैं मोहल्ले वासियों द्वारा नगर परिषद से इसमें कवर कराए जाने की मांग की गई परंतु नगर परिषद और गंभीर हादसे के इंतजार में है।

# समाजसेवी गुलाब शुक्ला का हुआ स्वागत




**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 4 फरवरी। उद्योग पति एवं अभय एलपीजी गैस कंपनी के एमडी गुलाब शुक्ला आर्या टीबीएस एजेन्सी रामनगर पहुंच कर आशतोष सूरज गुप्ता से मिले और रज्जू पटेल के जन्मदिन पार्टी में शरीक होकर केक कटवाकर मुबारकबाद दिए।**

समाजसेवी गुलाब शुक्ला जनहित में सहयोग के कार्यों में कन्धा से कन्धा मिलाकर काम करते हैं। साथ में अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पाण्डेय, पूर्व टीआई टीकाराम कुर्मी , वरिष्ट पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी ,मनीष शुक्ला , उपेन्द्र पटेल , इस्माइल खान, के.के.पटेल आदि काफी लोगों ने शुक्ला से मिलकर खुशी का इजहार के साथ विदा किए। सूरज गुप्ता ने गुलाब शुक्ला से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त किए।

## 15 फरवरी को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

रामनगर ।महाशिवरात्रि का पावन पर्व 15 फरवरी 2026 रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शिव विवाह और मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए 6 फरवरी 2026 बुधवार को दोपहर 3 बजे गेस्ट हाउस रामनगर में एक होने जा रही है सभी व्यापारी जन ,भक्तों, ग्रामीणों, युवाओं, माताओं और बहनों से बैठक में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों की इंद्रधनुष सोसायटी के मध्य हुआ विमर्श

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 4 फरवरी।** महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के वर्तमान इंजीनियरिंग छात्रों के कैरियर निर्माण हेतु इंद्रधनुष चित्रकूट स्टूडेंटस सोसाइटी से जुड़े ग्रामोदय के पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों के लिए कार्यशालाएं, मार्गदर्शन सत्र और अनुभव साझा करने के दिए एक कार्यकम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे अध्ययनरत छात्र वास्तविक कार्यजगत की अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें। कुलगुरू प्रो0 आलोक चौबे की प्रेरणा से आयोजित ऑनलाइन विमर्श में छात्रों के साक्षात्कार, कौशल विकास, व्यक्तित्व निखार, व्यवहारिक समझ तथा रोजगारोन्मुखी तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में पूर्व छात्रों के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया को सशक्त किया जायेगा,